Reg. No. | | | | | | | | | |

BASHDL 254/BSWHDL 254/HRDHDL 254

Credit Based IV Semester B.A./B.S.W./B.A. (HRD) Degree
Examination, September 2022
(2019-20 and Earlier Batches)
Group – I : Paper – IV : HINDI LANGUAGE

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या **वाक्य** में उत्तर लिखिए : **(5×1=5)**

1) 'सबसे बडा आदमी' एकांकी के लेखक कौन हैं ?
2) विदेह – नन्दिनी कौन हैं ?
3) ''कौमुदी महोत्सव'' किस खुशी में मनाने का निश्चय किया जाता हैं ?
4) मि. वर्मा कौन हैं ?
5) गजाती किसका मालिक है ?

II. किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **(3×5=15)**

1) छाती पर पत्थर रखकर कह रही हूँ । पति की कामना में योग देना नारी का सबसे बड़ा धर्म है ।
2) बडा वह जो वसूल कर सके–रुपया पैसा, दीन–ईमान सब कुछ आप से छीन सके–और जो मर गया वह कुछ नहीं वसूल कर सकता ।
3) अयोध्या मिट्टी की बनी है । उस मिट्टी की जिसके गर्भ से सोना भी निकलता है ।
4) आर्य चाणक्य ! महामंत्री चाणक्य ! चन्द्रगुप्त को तुम्हारी आवश्यकता हैं। महामंत्री चाणक्य के बिना यह राज्य नष्ट हो जायेगा, चन्द्रगुप्त नष्ट हो जायेगा ।

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2×10=20)**

1) 'पतित' एकांकी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
2) 'अशोक वन' एकांकी के आधार पर सीता का चरित्र–चित्रण कीजिए ।
3) 'रामेश्वर' अपने आप को सब से बडा आदमी कैसे सिद्ध करता हैं पठित एकांकी के आधार पर लिखिए ।
4) ''कौमुदी महोत्सव'' एकांकी का सारांश लिखिए ।

P.T.O.

IV. किन्हीं **दो** विषयों पर टिप्पणी लिखिए । **(2×5=10)**

1) रावण ।
2) गजाती ।
3) ठाकुर हरदेवसिंह ।
4) अलका ।

V. अ) सुधा पुस्तक केन्द्र मैसूर की ओर से गलत माल भेजने के बारे में अनिल पुस्तक केन्द्र दिल्ली को एक शिकायती पत्र लिखिए । **5**

अथवा

सरकारी कार्यालयों में हिन्दी अनुष्ठान के उद्देश्य से भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय, संसद भवन, नई दिल्ली की ओर से एक परिपत्र तैयार कीजिए ।

आ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(5×1=5)**

''ऐतिहासिक नगरी आगरा के निकट सतत प्रवाहिनी नीली–धारावाली यमुना के दाहिने तट पर ताजमहल स्थित है । बादशाह शाहजहाँ ने इसे अपनी बेगम मुमताज की स्मृति में बनवाया था । अपने पति से बेगम ने इस असार संसार से बिदा लेते समय निवेदन किया था कि, 'मेरी मृत्यु होने पर एक ऐसा मकबरा बनवाना जो संसार में सबसे सुन्दर एवं स्थायी हो।' बादशाह ने अपनी प्राणेश्वरी की अंतिम आकांशा की पूर्ति का भरसक प्रयास किया । इसको उसमें सफलता भी मिली । ताजमहल संसार के सात आश्चर्या में से एक हैं । वर्षों के बाद भी वह अपने यथावत् रूप में दर्शकों के मन को मोह रहा हैं। सैकड़ों कारीगरों एवं मज़दूरों के निरंतर बीस वर्ष के परिश्रम का परिणाम यह ताजमहल हैं। इसके बनवाने में बाईस करौड रुपया खर्च हुआ था । ''

प्रश्न :

1) ताजमहल किस नगर में स्थित है ?
2) ताजमहल को किसने बनवाया ?
3) ताजमहल को किसकी अंतिम आकांशा की पूर्ति के लिए बनवाया गया ?
4) ताजमहल के निर्माण में कितने वर्ष लगे ?
5) ताजमहल को बनवाने में कितने रुपये खर्च हुए ?

VI. अ)वैवाहिक विज्ञापन के आलोक में सुस्मिता के नाम से स्ववृत्त तैयार कीजिए । **(1×5=5)**

आ) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए, जो मूल से **एक तिहाई** (**1/3**) से अधिक न हो और उचित शीर्षक दीजिए । **(1×5=5)**

विज्ञापन करने का प्रधान साधन समाचार पत्र है । इससे विज्ञापन देनेवाले, समाचार पत्रों को निकालनेवाले और संबंधी उपभोक्ताओं को जहाँ लाभ होत है वहाँ उससे कहीं अधिक लाभ उन व्यक्तियों को होता है जो समाचार पत्रों को पढ़ते हैं । समाचार पत्र में यदि विज्ञापन न आवे तो उनका मूल्य बहुत कुछ बढ़ जाये जिससे पढ़नेवालों की संख्या भी निश्चित रूप से कम हो जायेगी । विज्ञापन का शिक्षा की दृष्टि से भी अधिक महत्व होता है क्योंकि इससे जनता को बहुत ऐसी वस्तुओं के बारे में ज्ञान हो जाता है जो उनकों पहले मालूम नहीं रही हो ।

VII. किन्हीं **दो** विषयों पर टिप्पणी लिखिए : **(2×5=10)**

1) संचार भाषा और हिन्दी मीडिया ।

2) सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी ।

3) प्रयोजनमूलक हिन्दी : प्रासंगिकता ।